Title: Regarding kidnapping of a dalit girl in Uttar Pradesh.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराट्र) : सभापति महोदय, मैं एक बहुत संगीन मामला उठाना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जेपी नगर जिले में चार महीने पूर्व 31.03.03 को एक लड़की का अपहरण हुआ था। वह दलित लड़की थी और उसका नाम दीपमाला भारती है। यह लड़की अभी तक लापता है। पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए भी गए, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

उत्तर प्रदेश की शिव सेना ने इसके खिलाफ बड़ा आन्दोलन किया। इस घटना को घटित हुए चार महीने हो गए हैं लेकिन अभी तक कोई पकड़ा नहीं गया। दीपमाला भारती सत्तारूढ़ पार्टी के बहुत बड़े लीडर की लड़की है। बहुत बड़ा आन्दोलन करने के बाद भी अभी तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामला बहुत संगीन है। मैं गृह मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश की लॉ ऐंड ऑर्डर की स्थिति बहुत खराब हो गई है। वह इस ओर ध्यान देकर जल्दी से जल्दी दीपमाला भारती को उसके मां-बाप के पास पहुंचा दें।